हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025



### रोप-वे हादसे को लेकर अब जांच का दौर शुरू, पुलिस-प्रशासन की टीम गठित


# मेंटेनेंस कंपनी और ट्रस्ट ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप, प्रशासन ने बनाई जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव-डोंगरगढ़

पूर्व गृहमंत्री सहित छह भाजपा नेताओं के साथ शुक्रवार को घटित हुए रोप-वे हादसे को लेकर अब जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। डोंगरगढ़ पुलिस जहां इस मामले में संचालन कंपनी के खिलाफ जांच कर रही है। वहीं जिला प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन कर दिया है। इधर मामले को लेकर मंदिर ट्रस्ट और रोपवे संचालन कंपनी भी आमने-सामने आ गए हैं। ट्रस्ट जहां घटना की पूरी जिम्मेदारी संचालन कंपनी पर डाल रही है। वहीं संचालन समिति लो-वोल्टेज को कारण बता रही है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर लौटते समय पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा सहित छह लोग जिस ट्रॉली में सवार थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब ट्रॉली नीचे रोपवे स्टेशन पर पहुंची, तभी वह खड़े होने के स्थान से आगे बढ़कर डिरेल हो गई और ट्राली पलट गई। ट्रॉली के रूकने की तय जगह को पार कर आगे बढ़ाया गया और जब वह चढ़ाई वाले स्थान पर खड़ी हो रही थी, तभी संतुलन बिगड़ गया और रोप-वे की ट्रॉली पलट गई। हालांकि महज कुछ फीट उंचाई से गिरने के कारण बहुत अधिक चोंट सवार लोगों को नहीं आई, लेकिन इस हादसे में भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हुए। जिनका इलाज अब राजधानी रायपुर में जारी है। इसी मामले को लेकर लगातार ट्रस्ट के उपर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसके पहले भी रोपवे में कई हादसे हुए हैं और दो जाने भी गई है, लेकिन इसके बावजूद भी अब तक कोई पुख्ता सुरक्षात्मक उपाय यहां नहीं हो पाया है। पिछले हादसों की भी अब तक जांच नहीं हो पाई है। ऐसे में अब इस बड़े हादसे पर कब तक जांच होगी और दोषियों पर कब तक कार्रवाई होगी, ये सवाल बना हुआ है।

## कलेक्टर ने टीम से सात दिनों के भीतर मांगी जांच रिपोर्ट




### प्रशासन ने बनाई जांच टीम

इस मामले को लेकर अब प्रशासन भी एक्टिव हो गया है। जिला कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच के लिए जिला स्तरीय जांच टीम गठित की है, जिसे सात दिन के भीतर जांच प्रतिवेदन एवं रिपोर्ट जमा करने कहा गया है। इधर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग और सभी प्रशासनिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय थाना में मेन्टेनेंस करने वाली कंपनी पर एफआईआर भी दर्ज हो चुका है। रोपवे संचालन में लापरवाही को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

**ट्रस्ट-कंपनी आमने-सामने :** मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि रोपवे का संचालन मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति करती है, लेकिन रोपवे से संबंधित मेन्टेनेंस दामोदर इंफ्रा कंपनी द्वारा किया जाता है। दामोदर इंफ्रा कंपनी के पास मेन्टेनेंस के लिए लगभग 40 कर्मचारी हैं। मशीनरी चीजों में कब कोई परेशानी आ जाए इसे कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि घटना की सारी जिम्मेदारी मेन्टेनेंस कंपनी की है। पूरा सिस्टम टेक्निकल है और इसकी जिम्मेदारी भी इसका संचालन करने वाली एजेंसी दामोदर इंफ्रा की है। वहीं दामोदर इंफ्रा के साईड इंचार्ज धर्मेंद्र ठाकुर ने भी अपनी गलतियों पर पर्दा डालते हुए लो वोल्टेज-हाई वोल्टेज का बहाना बनाकर पूरा आरोप बिजली विभाग पर लगा दिया, परन्तु हैरान करने वाली बात यह है कि आज से पहले कभी भी बिजली विभाग से इस समस्या की शिकायत दामोदर इंफ्रा कंपनी ने नहीं की है।

### चबूतरा बना हादसे का कारण

बताया जा रहा है कि ट्राली वापसी की जगह मन्दिर ट्रस्ट की तरफ से अनाधिकृत तरीके से चबूतरा बनाया गया है, जो रोपवे डिजाइन में नहीं है। ट्रॉली उसी से टकराने के बाद नीचे पलट कर गिरी है। यह घटना लोवर स्टेशन की है। चबूतरा बनाने के लिए तकनीकी अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई है। लोगों का कहना है कि चबूतरा नहीं होता तो हादसा नहीं होता। यह भी बताया जा रहा है कि घटना 1.30 बजे की है। 1 बजे से 3 बजे तक भोजन अवकाश होता है। स्टाफ भोजन कर रहे थे, वहां पर पूरा स्टाफ नहीं था। अध्यक्ष के कहने पर रोपवे चालू किया गया था। जिसके बाद यह हादसा हुआ।

### किसके कहने पर हुआ संचालन?

ज्ञात हो कि रोपवे का संचालन रोजाना ही दोपहर एक से 3 बजे के बीच बंद रखा जाता है। इस दौरान कर्मचारी भोजन एवं मेन्टेनेंस का कार्य करते हैं, परन्तु हादसे वाले दिन बीजेपी नेताओ के आने के कारण मंदिर ट्रस्ट ने वीआईपी ट्रॉली का संचालन विशेष रूप से जारी रखा। हादसे के समय ट्रॉली में वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भिलाई नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पैकरा के सहयोगी बलराम सिंह और सिद्धार्थ सिंह मौजूद थे।

### बिजली विभाग ने भी दी सफाई

इस मामले को लेकर जहां रोपवे संचालन कंपनी ने लो-वोल्टेज का कारण बताया। वहीं अब अपनी सफाई देते हुए बिजली विभाग ने कहा कि उक्त दुर्घटना के दौरान हमारे सिस्टम में कहीं पर भी वोल्टेज फ्लकचुएशन की कोई शिकायत नहीं आई है ना ही किसी उपभोक्ता द्वारा उक्त समय में फ्लकचुएशन से रिलेटेड कोई शिकायत दर्ज की गई है। बिजली की सप्लाई दुर्घटना के पहले और दुर्घटना के बाद भी नॉर्मल थी एवं कोई ट्रिपिंग भी दर्ज नहीं की गई। रोपवे संचालन के लिए ट्रस्ट द्वारा एचटी (उच्च दाब) 125 केवीए कनेक्शन लिया गया है। जिसमें उपभोक्ता द्वारा स्वयं ट्रांसफार्मर लगाया जाता है। जिसका सारा मेन्टेनेंस उपभोक्ता स्वयं करता है। रोपवे की सप्लाई उसी ट्रांसफार्मर से थी। तकनीकी दृष्टि से वोल्टेज फ्लकचुएशन के कारण इस तरह की दुर्घटना की संभावना नहीं है। रोपवे ऑपरेटर द्वारा इस तरह का बयान देकर विद्युत कंपनी की छवि को धूमिल की गई है, जो की बहुत निंदनीय है। उक्त दुर्घटना के संबंध में लिखित सूचना थाना प्रभारी डोंगरगढ़ में की गई है।

# मारपीट के मामले में पांच पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




गाली-गलौज कर मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राज उपाध्याय 19 साल निवासी ग्राम इंदावानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 अप्रैल को रात्रि ड्यूटी हेतु अपने दोस्त नागेश गौतम, भावेश राजपूत के साथ काम करने पैदल जसपाल कंपनी टेडेसरा जा रहे थे। इस दौरान ग्राम इंदावानी चौक के पास हरीश टंडन, जागेंद्र टंडन, यशवंत यादव खड़े थे। उनको क्रॉस करके करीबन 8 बजे रात्रि जसपाल कंपनी टेडेसरा के पास पहुंचे थे। वहां पर दिलेश, कोमल और विधि से संघर्षरत बालक पहले से खड़े थे, जो उन लोगों को देखकर गाली-गलौज करते हुए तुम लोग बहुत दादागिरी कर रहे हो, आज तुम लोगो को जिंदा नहीं छोड़ेंगे कहते हुए मारपीट करने लगे। इतने में इंदावानी चौक पर खड़े हरीश टंडन, जागेंद्र टंडन, यशवंत यादव भी आ गए और सभी जान से मारने के आशय से मारपीट करने लगे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा- 296, 115(2), 351(3), 109(1), 190, 191(2), 191(3) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में सोमनी पुलिस का टीम गठित कर हत्या की नियत से मारपीट करने वाले 5 आरोपी को हिरासत में लेकर व विधि से संघर्षरत बालक को सादी वर्दी में उनके परिजनों के सामने पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार करने पर अभिरक्षा में लेकर 5 आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। विधि से संघर्षरत बालक को माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया।









## खबर संक्षेप

### मुआवजा दिलाने का आश्वासन



**सड़क अतरिया।** झुरानदी में शुक्रवार को एक कृषक के पैरावट में आग लग गई। आगजनी में बीस एकड़ का पैरावट जलकर खाक हो गया है। मौके पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने आग पर काबू पाने ग्रामीणों की मदद किया और प्रभावित किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। झुरानदी के मेहतर लोधी के ब्यारा में करीब बीस एकड धान का पैरा रखा था। जिसमें आग लग गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर निर्मला विजय वर्मा ने मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को जानकारी दिया था। उन्होंने किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### पिता पुत्र ने किया रक्तदान



**डोंगरगांव।** निकटवर्ती ग्राम कोहका में गत दिनों रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला साहू संघ राजनांदगांव के उपाध्यक्ष महेश्वर साहू और उनके सुपुत्र मनीष साहू ने रक्तदान किया। पिता- पुत्र के रक्तदान करने की पहल का सभी ने स्वागत किया।

### मृत पर्यटकों को अर्पित किया श्रद्धा सुमन



**डोंगरगढ़।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और वरिष्ठों ने मोमबत्ती जलाकर शोक प्रकट किया। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया गया। इस मौके पर श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा यह समय एकता और मानवता के मूल्यों को फिर से गहराई से समझने का है। पर्यटकों पर हुआ हमला राष्ट्र के लिए गहरा आघात है।

### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर टेड़ेसरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम गत दिनों घोषित किया गया। कक्षा अरुण से प्रथम अंश मानिकपुरी, द्वितीय प्रवीण साहू, कक्षा उदय में प्रथम प्रव्या साहू, द्वितीय दर्शना साहू, कक्षा प्रथम में प्रीतम कुमार प्रथम, सुधा कंवर द्वितीय, कक्षा द्वितीय में प्रियांशी साहू प्रथम, योगेश देशमुख द्वितीय, कक्षा तृतीय में रुचि दरवड़े प्रथम, प्रीति द्वितीय, कक्षा चतुर्थ में संध्या निषाद प्रथम, अंकिता साहू द्वितीय, कक्षा षष्ठ में भावेश चौबे प्रथम, पूजा वर्मा द्वितीय, कक्षा सप्तम में तेजश्री प्रथम, पूर्वी साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



**छुरिया।** दानीटोला में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण एवं जोन स्तरीय शिक्षक बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत 8.7 लाख की राशि से निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानपाठक चन्द्रकला बाम्बेश्वर को सेवानिवृत्त होने पर बिदाई दिया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य गोपाल भुआर्य ने संबोधित किया। इस दौरान प्रशांत ठाकुर, हरिला चंद्रवंशी, हृदयराम देवांगन, कांता साहू, राजेश्वर धुर्वे, नैनसिंह पटेल, कपित बघेल, चरण यादव, जोहनलाल, रघुनाथ ठाकुर, दरबारी चंद्रवंशी, डा बंशी चुरेन्द्र, भजनलाल बारे सहित अन्य उपस्थित थे।

# पहले अवकाश और फिर समर क्लास लगाने का आदेश

## लू के थपेड़ों के बीच बच्चे कैसे अटेंड करेंगे समर क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शिक्षा विभाग के दो आदेश ने शिक्षकों और बच्चों को दुविधा में डाल दिया हैं। हीट बेव को देखते हुए एक आदेश में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है तो तीन दिन बाद जारी दूसरे आदेश में समर क्लास लगाने कहा गया है। सवाल यह है कि किस आदेश पर अमल किया जाए? बच्चे झुलसा देने वाली गर्मी के दौर में कैसे समर क्लास अटेंड करेंगे ?

उल्लेखनीय है कि इन दिनों पारा 44 डिग्री के आसपास पहुंच गया हैं। सूरज के ऊपर चढ़ने के साथ तापमान बढ़ने लगता हैं और देखते ही देखते हालत ऐसे हो जाते हैं कि लोगों को घर से बाहर निकलना मुहाल हो जाता हैं। तेज धूप से लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ने लगा है। लू लगने और डिहाइड्रेशन की आशंका को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व में जारी आदेश को संशोधित करते गत 22 अप्रैल को एक नया आदेश जारी किया था जिसके मुताबिक 25 अप्रैल से 15 जून तक सभी सरकारी, गैर सरकारी और अनुदान प्राप्त स्कूलों में अवकाश रहेगा।

### खींचतान का नतीजा

जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता महेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के डबल इंजन आगे पीछे खींच रहे हैं जिसके कारण अव्यहारिक आदेश जारी किया जा रहा है। अधिकारी क्या करना चाहते हैं वह खुद समझ नहीं पा रहे हैं और बेबस भाजपाई सरकार की तारीफ में कशीदे गढ़ने मजबूर हैं। शिक्षा विभाग को अपना आदेश तुरंत वापस लेना चाहिए।



### अब आया दूसरा आदेश

उपरोक्त आदेश जारी होने के तीन दिन बाद स्कूलों को एक नया आदेश मिला है। 25 अप्रैल को जारी आदेश के मुताबिक शिक्षकों को अवकाश अवधि में समर क्लास लगाने कहा गया है। यह क्लास सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक लगाना है। इस अवधि में विभिन्न गतिविधि संचालित करने कहा गया है किन्तु सवाल यह है कि सरकारी फरमान के डर से शिक्षक तो स्कूल पहुंच जाएंगे किन्तु भीषण गर्मी के बीच पालक क्या अपने बच्चों को स्कूल भेजने तैयार होंगे? समर क्लास में बच्चों के शामिल होने पर संशय हैं। देखने में आया है परीक्षा और परिणाम घोषित होने के बाद बच्चे स्कूल आने से परहेज करते हैं। लू के थपेड़ो के बीच बच्चों का समर क्लास मे शामिल होना मुश्किल दिखाई दे रहा है साथ लू सहित गर्मी जनित रोग से प्रभावित होने की भी आशंका है।

## पानी का वितरण : हाईकोर्ट का 45 दिन में सुलझाने का आदेश

# भेदभाव से शहर और गांवों में बन रहे आक्रोश के हालात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पांच दशक पहले सिंचाई सुविधा विस्तार के लिए पिपरिया और रानी रश्मिदेवी जलाशय का निर्माण कराया गया था। पिपरिया जलाशय निर्माण के बाद क्षेत्र के किसानों की जीवन शैली में काफी बदलाव आया है। इसी बांध के पानी से कृषि भी उन्नत हुई है जिसके चलते जमीनों की कीमत भी बढ़ी है।

जानकारी के अनुसार बीते सालों में नगर की आबादी काफी बढ़ी है इसी के साथ शुद्ध पेयजल की मांग में भी लगभग चार गुना इजाफा हुआ है । नगर पंचायत जैसे तैसे इस चुनौती से निपट रही है। पिपरिया जलाशय से शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए प्लांट फिल्टर प्लांट का निर्माण कर शहर को पार करते हुए पाईप लाईन बिछाने की तैयारी पूरी हो चुकी है परन्तु राजा की जमीन पर निर्मित पिपरिया जलाशय से आने वाले पानी से शहर के लोगों को वंचित रखने को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। सरकार और प्रशासन के सौतेल व्यवहार को लेकर ग्रामों में आक्रोश का वातावरण बनने लगा है। जानकारी के अनुसार शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए देवराज किशोर दास ने याचिका दायर कर न्याय की मांग की थी। राज्य शासन की ओर से आपत्ति नही होने के बाद माननीय उच्च न्यायालय ने कलेक्टर को 45 दिनों मे कार्यवाही करने का आदेश पारित किया था।



### 31 गांव में पहुंचेगा पानी

पिपरिया जलाशय के पानी को 31 ग्रामों को प्लांट के माध्यम से प्रदान किया जाना है। जलापूर्ति के बदले लाभान्वित ग्रामों से कर आदि प्राप्त करने संबंध में अब तक कोई मार्गदर्शन प्राप्त नही है, परन्तु उक्त योजना के तहतशहर में जलापूर्ति नहीं होना है। शहर में पेयजल संकट होने के बाद भी 31 ग्रामों को सालभर पेयजल आपूर्ति होगी। 31 ग्रामों को बुढानभाठ समूह के माध्यम से जलापूर्ति होने के बाद भविष्य में अन्य ग्रामों से पेयजल आपूर्ति की मांग उठने की संभावना है। यह संख्या आगे चलकर सैकड़ा तक पहुंच सकती है। ऐसा होने पर इस परियोजना से कृषि कार्य के लिए जलापूति करना असंभव हो जाएगा।

### बांध से छेड़छाड़, किसान नाराज

क्षेत्र के कृषकों की समस्याओं को ध्यान मे रखते हुए निर्मित पिपरिया जलाशय के जल को केवल 31 ग्रामों के लिए उपलब्ध कराने से किसान और जलसंकट से जूझ रहे ग्रामों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। शहर सहित वंचित ग्रामों के लोगों का कहना है कि इस योजना को शहर सहित ग्रामो के लिए लागू करना चाहिए ताकि सभी को पेयजल मिल सके। लोगों ने कलेक्टर से मामले को गंभीरता से लेते हुए और बांध के अस्तित्व को ध्यान में रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर अमल करने का आग्रह किया है।

# दहशतगर्दों ने छीना घाटी के नागरिकों का सुकुन

**डोंगरगढ़।** पहलगाम में निर्दोष सैलानियों की निर्मम हत्या ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। जब यह घटना हुई नगर के वि ला स जांभुलकर परिजनों के साथ वहीं थे। 22 अप्रैल को घटित घटना के प्रत्यक्षदर्शी श्री जाँभुलकर ने पूरी घटनाक्रम को नजदीक से देखा। उन्होंने बताया कि घटना के बाद होटल व्यवसाई से लेकर टैक्सी चालक, घुड़सवार सहित अन्य सभी अपने भविष्य को लेकर चिंता में आ गए है।



घटना के बाद शहर लौटे जाम्भुलकर ने बताया कि पहलगाम स्थित पार्किंग स्थल से लगभग 1 से डेढ़ किलोमीटर ऊपर पहाड़ी पर स्थित बर्फीले मैदान में लोग बर्फ का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान आतंकवादियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग किया। फायरिंग होने के बाद सैलानियों के मध्य अफरा तफरी का माहौल बन गया। सैलानियों को लेकर गए घुड़सवार पहाड़ के नीचे उतरने लगे। पार्किंग स्थल पर भीड़ इतनी अधिक हो गई कि चारों ओर अफरा - तफरी का माहौल बन गया। घोड़े के मालिक घोड़े को नौकरों के भरोसे छोड़कर अपने घर चले गए। घटना के बाद सेना के जवान मौके पर पहुंचे और विभिन्न चैक चैराहों पर पॉइंट लगाकर जांच प्रारंभ की। पहलगाम आने वाले सैलानियों को वापस श्रीनगर भेजा गया और पहलगाम से श्रीनगर की ओर जाने वाले सैलानियों को सुरक्षित रवाना किया गया।

### मुगल मार्ग बना सहारा

उन्होंने बताया कि मुगलकालीन साम्राज्य के दौरान श्रीनगर से जम्मू आने - जाने हेतु गुप्त मार्ग का उपयोग किया जाता था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस मार्ग को रखा गया है। 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद इस मार्ग को पुनः प्रारंभ किया गया। इस मार्ग पर खूबसूरत घाटियों के साथ बर्फ से ढके ऊंचे पहाड़ देखते ही बनते है।

### दहशतगर्दों का विरोध

आतंकवादी घटना के बाद विरोध में सड़क पर उतदआए। लोगों ने बताया कि इस घटना के बाद उनका व्यापार चौपट होने की आशंका है। 22 अप्रैल की घटना के बाद सैलानियों की संख्या में कमी आना तय है जिसका सीधा असर होटल, घुड़सवार, पालकी वाहक, ड्राई फूड बिक्रेता सहित अन्य पर पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। घाटी के लोग एक बार बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गए हैं।

# वंदन योजना का लाभ मिले उम्र दराज अविवाहित लड़कियों को

**डोंगरगांव।** भाजपा नेत्री सीए हिना जैन ने उम्रदराज अविवाहित लड़कियों को भी महतारी वंदन योजना में शामिल कर लाभांवित करने की मांग की है ताकि उन्हें भी आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने गत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव से मुलाक़ात कर उक्ताशय की मांग करते हुए पत्र सौंपा है। सीए श्रीमती जैन ने अपने पत्र में बताया कि सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक सहित अन्य कारणों से कई लड़कियों का विवाह नहीं हो पाया है। यह लड़कियां अब उम्र के उस पड़ाव में पहुंच गई है कि अब उनका विवाह होना संभव नहीं हैं। इस श्रेणी की लड़कियां वर्तमान में अपने माता पिता अथवा अन्य परिजनों पर आश्रित हैं। इन लड़कियों के पास आय का कोई निश्चित श्रोत भी नहीं हैं। किसी प्रकार का पारिवारिक संकट आने पर इन लड़कियों को आर्थिक सहित अन्य दिक्क़तो का सामना करना पड़ता हैं।



### सुझाव की सराहना

श्रीमती जैन ने बताया कि इस श्रेणी में आने वाली लड़कियों को आर्थिक मजबूती देना जरूरी हैं ताकि वह भी सम्मान पूर्वक जीवन गुजर सके। उन्होंने अपने पत्र में उम्रदराज हो चुकी अविवाहित लड़कियों को राज्य सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में शामिल करने का सुझाव रखा है। पूर्व सीएम श्री सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने श्रीमती जैन के इस सकारात्मक सुझाव की सराहना करते हुए कहा है कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अमल कराने का प्रयास किया जाएगा।

# सालों से पोस्टमार्टम भवन का निर्माण लंबित, अध्यक्ष ने ली सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो की पहल पर वर्षों से अधूरे पोस्टमार्टम भवन का निर्माण फिर शुरू हो गया है। नगर अध्यक्ष ने जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत इस कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त किया था। कुछ दिनों पहले कमिश्नर ने भी आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अधूरे निर्माण पर पूरा कराने का एसडीएम को निर्देश दिया था।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत मरच्यूरी निर्माण की मांग वर्षों से उठ रही थी। वर्तमान में पोस्टमार्टम घर गंडई के कन्या स्कूल जाने वाले मार्ग पर एक खेत के बीच में है।

बरसात के दिनों में मृतक के परिजनों और डॉक्टरों को वहां तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मरच्यूरी नहीं होने के कारण शवों को अधिक समय तक सुरक्षित रखने में भी परेशानी होती है।



### अध्यक्ष ने शुरू कराया काम

अधूरे निर्माण के चलते पोस्टमार्टम और मरच्यूरी भवन का अभाव बना हुआ था। मृतक के परिवार को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की परेशानियों को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने चुनाव जीतने के बाद अधिकारियों से संपर्क कर इस कार्य को पुनः शुरू करवाया है ताकि पोस्टमार्टम के लिए शव को पुराने और असुविधाजनक स्थान पर न ले जाना पड़े। इस अवसर पर पार्षद राकेश निषाद, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, शैलेन्द्र दुबे, अभियंता लोकेश शर्मा और डॉ प्रशांत सोनी उपस्थित थे।

### चार साल से निर्माण लंबित

जानकारी के अनुसार दिवंगत विधायक देवव्रत सिंह ने डीएमएफ मद से 4 लाख मरच्यूरी और 3 लाख पोस्टमार्टम घर के लिए स्वीकृत कराया था। इस कार्य का ठेका किशन यादव को दिया गया थ। ठेकेदार को 3 फरवरी 2021 को कार्यादेश जारी कर दिया गया था। ठेकेदार ने भवन का ढांचा ही खड़ा कर दिया था। दूसरी किस्त की राशि नहीं मिलने के बाद काम बंद कर दिया था। भवन के नाम पर केवल चारदीवारी और छत की ढलाई हो पाई है। दरवाजे, लाइट सहित अन्य कार्य अधूरे हैं।

### शराब बिक्री की शिकायत

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर में खुलेआम अवैध शराब की बिक्री होने को लेकर बौद्ध समाज के पदाधिकारियों ने शराब कोचियों के खिलाफ नामजद शिकायत थाना प्रभारी से किया है। शिकायतकर्ता मुकेश फुले, दीपेश खोबरागडे, लुकेश खोब्रागडे सहित अन्य ने अपनी शिकायत में बताया कि वार्ड 11 बौद्ध बिहार डॉ. भीमराव चौक के पास अवैध शराब बेचा जाता है। यहां शराबियों का जमावाडा होने के कारण हमेशा लडाई झगड़ा का माहौल रहता है। लोगों का यहां से आना जाना मुश्किल हो गया है। बौद्ध समाज के उपासक उपासिकाएं वंदना करने नहीं जा पा रहे हैं।

## महिलाओं की अगुवाई में बनाया जाएगा नगर को स्वच्छ

# चौकी को इंदौर जैसा बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्वच्छ भारत मिशन के तहत निकाय क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने तथा स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर पंचायत ने कदम आगे बढा दिया है। पीएम की महत्वकांक्षी योजना के तहत नगर में स्वच्छता की दिशा में कार्यवही तेज कर दी गई है। अभियान को सफल बनाने के लिए मातृशक्तियों को मुहिम से जोड़कर काम शुरू कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों, अधिकारी कर्मचारियों की इंदौर विजिट के बाद नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया है।पहले चरण में स्व सहायता समूह की पदाधिकारियो की बैठक लेकर अभियान को सफल बनाने के लिए सुझाव लिए गए। उन्हे योजना को सफल बनाने के लिए चरणबद्ध अभियान की जानकारी दी गई। बैठक में अध्यक्ष मानिकपुरी, सीएमओ विजय पांडेय, स्वच्छता दूत आरडी कोसरिया ने समूह की पदाधिकारियों को अभियान से जुडने तथा नगर को स्वच्छ बनाने प्रेरित किया। बैठक में लोकेश सलामे, रामसाय पटेल, उर्मिला पटेल, विमला कलिहारी, बेनजीर कुरैशी, रेहाना बेगम, शमा परवीन, नेहा निषाद, चित्ररेखा सलामे सहित अन्य शामिल हुए।



### होगा डस्टबीन, थैला का वितरण

स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए घर- घर में डस्टबीन देने की योजना बनी है। लोगों को थैला भी मुफ्त में दिया जाएगा। थैला के माध्यम से नगरवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेष दिया जाएगा। डस्टबीन व थैला की व्यवस्था पार्षद निधि एवं विभाग के माध्यम से किया जाएगा।

### फिर होंगे कड़े निर्णय

अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि मई- जून में स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत चौक चौराहों, गली, सडकों में सफाई करने के अलावा रैली, बैठक, नुक्कड नाटक एवं दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। अंत में मुहिम को सफल बनाने के लिए जरूरत पडी तो कडे निर्णय भी लिए जाएंगे जिसके तहत गंदगी फैलाने वालो से अर्थदंड लिया जा सकता है।

### श्रमदान से होगा आगाज

स्वच्छता अभियान का आगाज नगर में स्वच्छता श्रमदान से होगा। अध्यक्ष एवं सीएमओ ने बताया कि शुरूवात में प्रमुख वार्डों, मार्गों, चौक चौराहों एवं नुक्कडो में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने जागरूक किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग राजनांदगांव में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर पर निरंकारी मिशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन प्रथम रक्तदाता जितेन्द्र बजाज अनुपम नगर द्वारा किया गया। संत निरंकारी मंडल सेवा दल सदस्यों द्वारा एवं साध-संगत तथा समाज के युवाओं द्वारा 91 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे जिला चिकित्सालय राजनांदगांव को भेजा गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

### पंचायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

**मोहला।** विकासखंड मोहला के जनपद कार्यालय में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भारती चंद्राकर ने की। बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों और सरपंचों की उपस्थिति में विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से निर्माण कार्यों की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की मांग, राशन कार्ड बनाने, मनरेगा जॉब कार्ड निर्माण, मजदूरी भुगतान, व्यक्तिगत शौचालय की मांग, पेंशन तथा अन्य व्यक्तिगत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मोहला सीईओ केश्वरी देवांगन, एसडीओ आरईएस सुभाष गोरे तथा एमजीनरेगा, पीएमएवाई-जी, एसबीएम, एनआरएलएम के सभी शाखा प्रभारी एवं तकनीकी सहायकगण उपस्थित रहे।

## विभिन्न संगठनों ने की आतंकवादी घटना की निंदा, किया प्रदर्शन


# पहलगाम की घटना, सड़क पर उतरा जन आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आतंकवाद के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने शवयात्रा निकाली। साथ ही मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के पलायन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। पहलगाम की घटना के विरोध में नगर के जयस्तंभ चौक से शवयात्रा निकाली गई, जो प्रमुख चौक-चौराहों से होकर दही हांडी चौक में समाप्त हुई।

इस दौरान पुतला दहन स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में जो कुछ भी हुआ है। वह हृदय विदारक होने के साथ ही शर्मनाक भी है। लोगों को धर्म पूछकर, पहचान जानकर मारा गया है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में ऐसे कट्टरपंथी विचारों का दमन किया जाना चाहिए। चाहे वह कहीं भी पनप रहा हो। पाक समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ सरकार के हर मजबूत कार्रवाई का सर्व हिंदू समाज पुरजोर समर्थन करता है।

इस दौरान राकेश गुप्ता, राजीव चंद्राकर, संदीप सिंह राजपूत, टिलेश्वर साहू, श्रीराम यादव, शुभम सिंह ठाकुर, शिशिर मिश्रा, सुभाष सिंह राजपूत, भूपेंद्र गंगबोइर, अजय जैन, धर्मेंद्र सांखला, निक्कू श्रीवास, प्रदीप सिंह, कांता यादव, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत, चंद्रशेखर यादव, महेश गिरी गोस्वामी, विनय देवांगन, संजय सिंह सेंगर, हेमू साहू, आनंद तंबोली, उत्तम दशरिया, करण यादव, शिवम ताम्रकार, गुलशन भगत, महेश पटेल, अमन राजपूत, चमन ढीमर, हर्ष शर्मा, मनोज वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, धर्मा सिंह राजपूत, हर्षदीप सिंह, संभव लुनिया, अनीश सिंह, देवेश ठाकुर, चंद्रकांत विदानी, गौरव शर्मा, निक्की ठाकुर, सूर्या दुबे, मिक्की बक्शी, किशन सारथी, विक्रम यादव, गोविंद सोनी, विक्की वर्मा, रामा साहू, लीला साहू, सुनील वर्मा, संतोष सिंह राजपूत, लक्की भोंडेकर सहित बड़ी संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोग उपस्थित थे।



### मुस्लिम समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिला मुस्लिम समाज ने आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर जुमे की नमाज के बाद मस्जिद चौक से जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय तक मौन रैली निकाली और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। समाज ने पहलगाम में हुए आंतकी हमले की कड़ी निंदा करते कहा कि आतंकवादियों की कायराना हमले से 27 निर्दोष नागरिकों की हत्या से समाज दुखी है। जिला अध्यक्ष सज्जाक खान, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अरशद हुसैन, जफर हुसैन खान, शमशुल होदा खान, गंडई सदर जाबिद खान, रिज़वान मेमन, खलील कुरैशी, मो. याहिया नियाजी, छुईखदान सदर निजामुद्दीन खान, फारुख मेमन, शेख कलीम खान, असीर खान, नसीम खान, डॉ. मकसूद अहमद, याकूब खान, सैय्यद अल्ताफ अली, जुनैद खान, अय्यूब सोलंकी व नदीम मेमन सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की पुरजोर निंदा करते राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर को सौंपे ज्ञापन में सरकार से अपील करते कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कारवाई करते उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए और उनके पनाहगार पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि वो हमारे मुल्क हिन्दुस्तान की ओर नापाक नीयत से देखने की भी हिम्मत ना कर सके। मौन रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद की तख्ती हाथों में थामे जमात के लोगों ने जमकर नारे लगाया। जिला मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति और भारत सरकार से मांग की है कि आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा जाए, ताकि इस घटना में शहीद हुए सभी 28 भारतवासियों की आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इंसाफ मिले। इस दौरान हाजी तनवीर मेमन, हाजी मुर्तजा खान, रहीम बख्श, अमीन मेमन, मतीन अशरफ, सलीम सोलंकी, इरफ़ान मेमन, शकील सोलंकी, जाफर झाड़ूदिया, सादिक मोतीवाला, तारिक अमान, राजा सोलंकी, लक्की सोलंकी, बाबू खान, सद्दाम मेमन, माजिद खान, इरशाद खान, शेख जाहिद, तालिब मेमन, फारुख सोलंकी सहित बड़ी संख्या में जिला मुस्लिम समाज के सदस्य उपस्थित थे।





### पत्नी के सामने पति को गोली मारना हृदय विदारक

सभा को संबोधित करते खम्मन ताम्रकार ने कहा कि एक पति को उसकी पत्नी के सामने गोली मार दी गई। किसी को कलमा पढ़ने कहा गया। नहीं पढ़ने पर गोली मार दी गई। इससे दर्दनाक और घटिया हरकत नहीं हो सकती। ऐसी घटनाओं का विरोध भारत के हर हिंदू को एकजुट होकर सामने आना चाहिए। मनोहर चंदेल ने कहा कि हम सभी को सतर्क होकर ऐसी घटनाओं का विरोध करना चाहिए और हिंदू समाज जातियों में न बंटकर एकजुट रहे, इसका प्रयास किया जाना चाहिए। चंदेल राष्ट्र भक्ति गीत के माध्यम से युवाओं को देशप्रेम के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। गुलाब छाजेड़ ने कहा कि भारत साधु-संतों की भूमि रही है। यहां कट्टरपंथी विचारों के लिए कोई जगह नहीं है। पहलगाम में मासूम, निहत्थे लोगों को मारा गया है, जो निंदनीय है। भारत सरकार मजबूत है और निश्चित तौर पर कड़े कदम उठाएगी।

### युवा कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 बेगुनाहों को गोली मारकर हत्या कर विरोध में जिला युवा कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के मुंह पर कालिख पोतकर पाकिस्तानी झंडा को लात-घूसे से मारते हुए पुतला दहन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद का नारा लगाते मशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा कि पहलगाम जहां तीन स्तरीय सुरक्षा होती है, जहां एक पत्ता भी बिना निगरानी के नहीं आ सकता। जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश है, जहां सुरक्षा से जुड़ी हर एक चीज गृहमंत्री अमित शाह के निगरानी में होती है तो फिर हथियारबंद आतंकवादी पर्यटकों के बीच पहुंचे, कैसे और उनकी हत्या करने के बाद आसानी से बचकर निकले कैसे और अभी तक पकड़े क्यों नहीं गए है। सुरक्षा में कहां चूक हुई, इंटेलिजेंस एजेंसी कहां कमजोर पड़ी, इसकी पूरी जिम्मेदारी गृहमंत्री अमित शाह को लेनी चाहिए और सुरक्षा एजेंसियों को जल्द से जल्द आतंकवादियों को जिंदा पकडक़र पूरे देश की जनता के बीच गोली मारकर सबक सीखाना चाहिए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, कोमल साहू, जिपं सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह, सुमित जैन, नित्य शरण सिंह, मन्नू चंदेल, संजय महोबिया, हिमाचल सिंह राजपूत, प्रमोद सिंह राजपूत, गौकरण जंघेल, संजय जंघेल, रिंकू गुप्ता, सोमालाल नेगी, चतुर ओगरे, ओमकार सिंहा, रोशन मांडले, अनिल विश्वकर्मा, रामकुमार विश्वकर्मा, पुरूषोत्तम जंघेल, नंदकुमार जंघेल, सावन सेन, लक्ष्मण यादव, गोविंद जंघेल, हेमराय जंघेल, रघुवीर जंघेल, बलराम साहू, मोहित पटेल, लेखराम जंघेल, राजूराम जंघेल, राकेश साहू सहित सैकड़ो कांग्रेसी मौजूद थे।

# सेन महाराज की निकाली शोभायात्रा, विविध कार्यक्रम

## छुरिया में जिला स्तरीय आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला स्तरीय सेन जयंती समारोह जनपद पंचायत परिसर में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिवकुमार सेन ने की। विशेष अतिथि पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, महेश सेन, भावना ठाकुर, झमित नादान सेन थे। स्वागत भाषण जिला संयोजक देवशरण सेन ने दिया।

इस मौके पर विधायक श्री साहू ने सेन समाज को सेवाभावी बताते हुए कहा कि उनके बिना किसी भी समाज का काम पूरा नहीं होता है। उन्होंने सेन समाजिक भवन के लिए 10लाख देने की घोषणा किया। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव थे। अध्यक्षता प्रदेश सेन समाज के अध्यक्ष पुनित राम सेन ने की। विशेष अतिथि भुवन कौशिक, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, चंद्रिका डड़सेना, लक्ष्मीनारायण सेन, भिलाई विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण सेन, केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, रेवती सेन, निशा श्रीवास थी। स्वागत भाषण शेष नारायण सेन ने देते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जमीन एवं भवन की मांग रखा जिसे श्री यादव ने पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कौशिक ने किया। इस दौरान शेखर भरद्वाज, विजय भरद्वाज, प्रवीण कौशिक, गिरधारी सेन, केशव सेन, धन्नूलाल सेन, केजूराम ठाकुर, बिहारीलाल सेन, ईश्वर सेन, शिवकुमार श्रीवास, तुलेश्वर सेन आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान शहर में संत शिरोमणि सेन महाराज का शोभायात्रा निकाली गई। रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। यह जानकारी मिडिया प्रभारी इन्द्रदीप सेन ने दी।

# भक्त माता कर्मा जयंती पर पूजा-अर्चना, निकाली भव्य शोभायात्रा

**छुरिया।** शहर में साहू समाज की नवगठित नगर इकाई ने भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, साहू समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चुरामन साहू, शिशुपाल साहू, नगर अध्यक्ष नंदकुमार साहू आदि के नेतृत्व में प्रमुख गलियों, पुराना बस स्टैंड, शीतला मंदिर गली, छुरिया चिचोला रोड से नया बस स्टैंड होते हुए शोभा एवं कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सामाजिक महिलाएं, बच्चे आदि शामिल हुए। नगर भ्रमण के बाद कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद साहू ने कहा कि समाज का संगठित होना जरूरी है। जो समाज संगठित नहीं होगा उसका विकास नहीं हो सकता। नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने साहू समाज की संगठन क्षमता की तारीफ करते हुए हरसंभव मदद करने की बात कहा। सभा को चुरामन साहू, मनसुख



साहू, शिशुपाल साहू, मयाराम साहू, माखनलाल सोनबोईर, लोमिन सोनबोईर, उमेश साहू, जाकेश साहू, नंदकुमार साहू, लोकेश साहू, हीरालाल साहू, प्रेमचंद साहू, राकेश साहू, हरीश साहू, धर्मेंद्र साहू, खुमेंद्र साहू, टीकम साहू, अशोक साहू, कोमल सिंह गुरु, भौती साहू, हुकुम साहू आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में अशोक साहू, लोकेश साहू, तीरथ साहू, बिहारी साहू, नीलमणि साहू, सुखीराम साहू, ललित साहू, राज साहू, मोनू साहू, मोहन साहू, खूबलाल साहू, चित्रेश साहू, राम साहू, संतोष साहू, ओमप्रकाश साहू, गोपाल साहू, कनक साहू, गोपी साहू, भगत साहू, प्रेमलाल साहू, प्रकाश साहू, जानकी साहू, जगेशर साहू, सुभाष साहू, शिवप्रसाद साहू, मोहित साहू, तृप्ति साहू, संगीता साहू, मंजूषा साहू, रोहित साहू टीमन साहू, सुभाष साहू, हीरालाल साहू, अहिल्या सहित अन्य मौजूद थे।

# गंडई में नाली निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

निकाय चुनाव से पहले स्वीकृत वार्ड 4 में नाली निर्माण का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने पूजा-अर्चना कर करवाया। अध्यक्ष और पार्षदों ने मौके पर पहुंचकर नाली की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि नाली अच्छी स्थिति में है। वार्डवासियों ने भी नाली निर्माण की तत्काल आवश्यकता नहीं होना बताया। उन्होंने इंजीनियर को बुलाकर नाली का निरीक्षण करवाया और केवल उस स्थान से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए जहां आवश्यक है। नगर अध्यक्ष ने नाली के ढाल में कमी पाई, जिसके कारण कई स्थानों पर पानी जाम की समस्या हो रही थी। उन्होंने ढाल ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामदेव भवन, भरतलाल नामदेव के घर के सामने सड़क और नाली का निरीक्षण किया। नामदेव भवन के सामने सड़क पार करने वाली नाली पर स्लैब नहीं होने पर जल्द ही व्यवस्था सुधारने की बात कही।इस दौरान पार्षद तामेश्वर साहू, अशोक पटेल, मनीष सोनी, अमन सोनी, नीलम नामदेव, सूरज नामदेव, अनिल नामदेव, टीकाराम यादव, इंजीनियर लोकेश शर्मा, ठेकेदार किशन यादव, शैलेन्द्र दुबे आदि मौजूद थे।

## मौके में पहुंचकर किया निरीक्षण



### सीढ़ी नुमा ढाल बनाने का सुझाव

इस दौरान वार्ड 4 के पूर्व पार्षद ने सुझाव देते कहा कि नाली का ढाल सीढ़ी नुमा दिया जाए तो नालियों में कचरा जाम की स्थिति से बचा जा सकता। वार्डवासियों ने बताया कि नाली आगे जाकर जाम हो जाती है जिसके कारण गंदगी रहती है। नाली में ढाल बनाया जाना आवश्यक है। नाली में सीढ़ी नुमा ढाल बनाने पर सहमति बनी।

# भारतीय टीम में नेहा और सोनल का चयन

**राजनांदगांव।** भारतीय बेसबॉल संघ के सचिव एवं छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के महासचिव मिताली घोष ने बताया कि महिला एशियन बेसबॉल क्वालिफायर अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 23 से 29 अप्रैल तक थाईलैंड बैंकॉक में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की दो खिलाड़ियों नेहा यादव और सोनल मरकाम का चयन भारतीय टीम में हुआ है। नेहा यादव बिलासपुर से हैं। जबकि सोनल मरकाम राजनांदगांव से हैं। दोनों खिलाड़ियों ने संगरूर पंजाब में आयोजित कोचिंग कैंप में



शानदार प्रदर्शन किया और भारतीय टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। दोनों खिलाड़ियों के चयन से प्रदेशभर के खिलाड़ियों में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के पदाधिकारियों ने भी इस पर हर्ष व्यक्त किया है।

डॉ. कैरोलाइन सत्तूर, वरिष्ठ बेसबॉल कोच अख्तर खान, लखनलाल देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहिरे, योगेंद्र यादव, तरन्नुम खान, गीता यादव, प्राची शर्मा एवं खिलाड़ियों ने नेहा और सोनल को शुभकामनाएं दी।

### सुशासन तिहार : शिकायतों का हो रहा निराकरण

**राजनांदगांव।** राज्य शासन द्वारा जिले में सुशासन तिहार 2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल के मध्य विभाग अंतर्गत कुल 393 हितग्राहियों द्वारा विभिन्न मांग एवं 12 हितग्राहियों द्वारा शिकायत प्राप्त हुए हैं, जिनका प्रभावी तरीके से नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। अब तक कुल 148 मांग का निराकृत किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर लाभान्वित किया जा रहा है।

## कृतबांस और देवपुरा का सघन दौरा

# कलेक्टर ने उन्नत खेती का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में उन्नत खेती करने वाले किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने विकासखंड के ग्राम कृतबांस और देवपुरा के किसानों से उन्नत खेती की विधियों और तकनीकों पर चर्चा की और उन्हें क्षेत्र में अपरंपरागत एवं कम पानी वाले फसलों को भी बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने किसानों को प्रेरित किया कि वह अपने आस-पास के अन्य किसानों को भी उन्नत खेती अपनाने और अपरंपरागत एवं कम पानी वाले फसलों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने किसानों को बताया कि किस तरह से उन्नत तकनीकों और अपरंपरागत फसलों से वह आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर एडीएम सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, कृषि उप संचालक राजकुमार सोलंकी एवं उद्यानिकी सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा सहित अन्य मौजूद थे।



### गैरपरंपरागत खेती को मिले बढ़ावा

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने संबंधित कृषकों से उत्पादन और बाजार को लेकर भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कैसे वह अपनी फसलों को बाजार में उचित मूल्य पर बेच सकते हैं और अपने उत्पादों की ब्रांडिंग कर सकते हैं। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही गैरपरंपरागत खेती को भी बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया। किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी ज्यादा प्रचार कर जानकारी देने बात कही।

### किसान से चर्चा

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कृतबांस में बड़े पैमाने में मूंग एवं केला की खेती करने वाले किसान से चर्चा की। कृषक धनेश वर्मा ने बताया कि मूंग और केले की फसल से अच्छी आमदनी अर्जित कर रहे हैं। उन्हे शासकीय योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। इसी तरह देवपुरा में पपीता और कद्दू की खेती करने वाले कृषक बलराम साहू ने बताया कि 3 हेक्टेयर में पपीते खेती कर रहा है। उन्हे राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत प्रथम वर्ष की सब्सिडी 67500 प्राप्त हुई है। दिसंबर में योजना के तहत दूसरी किश्त प्राप्त हो जाएगी। कृषक कुम्भकरण साहू ने बताया कि उन्हें 11250 रूपए की प्रथम सब्सिडी प्राप्त हुई है।

### बैठक आयोजित

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में 26 अप्रैल को आईक्यूएसी के तत्वावधान में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। सेमीनार हॉल में आयोजित बैठक का संचालन गावस्कर कौशिक ने किया। शुरुवात में प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे के स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अभिभावकों को महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान महाविद्यालय के विकास, शैक्षणिक उपलब्धियों, नियमित उपस्थिति और परीक्षा परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई। अभिभावकों ने एमएससी की कक्षाएं प्रारंभ करने और खेल गतिविधियों के लिए निश्चित समय सारिणी निर्धारित करने का सुझाव रखा। बैठक प्राचार्य डॉ. कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। अंत में भागवत राम ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिभावकों के साथ टीएलवर्मा, पीके अमीला सहित अन्य उपस्थित थे।



## सार समाचार

### आशीष बने समाज के प्रदेश अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** इंदौर स्थित ड्रीम वर्ल्ड गार्डन एवं रिसोर्ट गोम्मटगिरि में आयोजित श्री बागेश्वर कसौधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में राजनांदगांव निवासी आशीष गुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। ज्ञात हो कि रिद्धी-सिद्धि कॉलोनी फेस-2 निवासी आशीष गुप्ता गोविंद गुप्ता के पुत्र हैं, जो लंबे समय से समाजसेवा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। उनके कार्यों और समाज के प्रति निःस्वार्थ समर्पण को देखते राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया।

समारोह के दौरान नई कार्यकारिणी के सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई और समाजहित में आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। समारोह में देशभर से आए समाजजनों ने आशीष गुप्ता को बधाई दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित रहे। अपने मनोनयन के पश्चात आशीष ने कहा कि यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। वह समाज के हर सदस्य को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### ब्राम्हण समाज की बाइक रैली आज

**राजनांदगांव।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के परिप्रेक्ष्य में ब्राम्हण नवयुवक मंडल के तत्वावधान में कल 27 अप्रैल को शाम 5 बजे से श्री रामायण प्रचारक समिति ब्राम्हणपारा से बाइक रैली का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सभी विप्र परिवार को आमंत्रित किया गया है।

### सिंधी समाज आज देगा श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** सिंधी समाज द्वारा कल रविवार को संध्या 6 बजे जम्मू-कश्मीर पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार के विरोध में वीर शहीद हेमू कलानी की प्रतिमा के समक्ष 26 शहीद हुए मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि देने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी ने कहा कि यह देश के स्वाभिमान के लिए बहुत बड़ी घटना है, इसलिए सभी लोग अवश्य पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के बाद सभी एक साथ उदयाचल भवन पहुंचेंगे, जहां से श्रद्धांजलि मौन रैली निकालेगी, जो तिरंगा चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, शनि मंदिर रोड, आजाद चौक, सिनेमा लाईन, महाकाल चौक से जयस्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हो जाएगी।

## मोहारा एनीकट में पर्याप्त पानी की उपलब्धता

# मोंगरा जलाशय से छूटेगा पानी, दस दिन में शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने कटिबद्ध है। इस ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिए महापौर मधुसूदन यादव तथा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समय-समय पर मोहारा शिवनाथ नदी तथा जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। साथ ही जल विभाग का अमला प्रतिदिन मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर का निरीक्षण कर रॉ वाटर एवं क्लीयर वाटर की जॉच नल घर मोहारा लैब में किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से क्लोरिन, टोटल हार्डनेश, पानी के कलर की जांच, क्लोराईड आदि की जांच कर भारतीय मानक के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।

इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में पूर्व से ही मोहारा शिवनाथ नदी में जल स्तर कम हो गया। जिससे पानी सप्लाई में व्यवधान हुआ। पेयजल की सुचारू सप्लाई के लिए मोखली, मटियामोती, मोंगरा जलाशय से समय-समय पर पानी लिया जा रहा है और शहर में दो दिन में तीन समय पानी सप्लाई की जा रही है। आगामी माह में भी सुचारू पेयजल के लिए दो दिन पूर्व महापौर मधुसूदन यादव मोहारा जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर रॉ वाटर की स्थिति एवं अन्य सुविधा की जानकारी लेकर एनीकट में पानी की उपलब्धता के आधार पर मोंगरा जलाशय से पानी लेने निर्देशित किए थे तथा 27 एमएलडी प्लांट में क्लीयर वॉटर के लिए लगने वाले नए पंप को जल्द लगाने कहा था। जिससे टंकी भरने में सुविधा होगी।



### मटियामोती से लगातार छोड़ा जा रहा पानी

पेयजल के संबंध में आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा ग्रीष्मकाल में रॉ-वाटर की कमी न हो, इसलिए मोखली एनीकट में 50 एमसीएफटी, मटियामोती जलाशय में 300 एमसीएफटी एवं मोंगरा जलाशय में 1000 एमसीएफटी पानी पेयजल हेतु आरक्षित रखा जाता है। वर्तमान में मोखली एनीकट से पानी लेने के पश्चात मोंगरा जलाशय से प्रथम चरण में पानी लिया जा चुका है एवं मटियामोती जलाशय से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

### सतत् निगरानी जारी

उन्होंने बताया कि आज की स्थिति में मोहारा एनीकट में 3 फिट पानी है, जो 15 दिन तक चलेगा। आगे के महीनों में पानी की समस्या न हो इसके लिए महापौर यादव ने मोंगरा जलाशय से पानी लेने निर्देशित किया है। जिसके परिपालन में तत्काल प्रभाव से योजनाबद्ध कार्य करते कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग राजनांदगांव को मोंगरा जलाशय से पानी छोड़ने पत्राचार किया गया। मोंगरा जलाशय से 28 अप्रैल को पानी छोड़ा जाएगा, जो लगभग 10 दिनों में 6 मई तक शिवनाथ एनीकट पहुंचेगा। जिससे नदी का जल स्तर कम नहीं होगा और आगामी माह में भी नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। नगर निगम की टीम द्वारा पेयजल व्यवस्था दुरूस्त रखे जाने सतत निगरानी की जा रही है।

## बालाघाट क्षेत्र में इनामी चार महिला नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के सीमा से लगे मध्यप्रदेश के बालाघाट क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने बड़े आपरेशन को अंजाम देते 4 महिला नक्सलियों को मारकर ढेर कर दिया है। मारे गए नक्सलियों पर कुल मिलाकर 62 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना, एमपी, महाराष्ट्र सहित नक्सल प्रभावित सभी इलाकों में नक्सल विरोधी अभियान पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा चलाया जा रहा है। जिसमें अभी तक कई नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है और कई नक्सलियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया है।

### नक्सल विरोधी अभियान तेज

छत्तीसगढ़ सीमा से सटे मध्यप्रदेश के बालाघाट के कान्हा नेशनल पार्क के सुपखान वन रेंज इलाके में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 4 महिला नक्सलियों को ढ़ेर कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मारे गए सभी महिला नक्सलियों पर कुल मिलाकर 62 लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सर्चिंग की जा रही है।

## प्रो सॉफ्ट बॉल स्पर्धा में राजनांदगांव पुलिस टीम बनी चैम्पियन

**राजनांदगांव।** भिलाई सेक्टर-1 क्रिकेट ग्राऊंड में 19 अप्रैल से आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में राजनांदगांव पुलिस टीम चैम्पियन बनी। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देकर सम्मानित किया।

भिलाई सेक्टर-01 क्रिकेट ग्राउंड भिलाई जिला दुर्ग में 19 से 24 अप्रैल तक क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ। जिसमें कुल 12 सरकारी विभाग की टीमों को आमंत्रित किया गया था। फाइनल मुकाबले में बीएसपी भिलाई वर्सेस राजनांदगांव पुलिस टीम के बीच खेला गया। बीएसपी भिलाई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव की पुलिस टीम पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 111 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन विपिन रात्रे ने 27 बाल में 52 रन ठोका। 111 रन का पीछा करने उतरी बीएसपी भिलाई टीम द्वारा 108 रन पर सिमट गई। बीएसपी भिलाई की ओर से सर्वाधिक रन सुवेन्दू ने महज 13 बाल में 36 रन बनाया, लेकिन अपनी टीम को नहीं जीता पाए। राजनांदगांव पुलिस टीम की ओर कसी हुई गेंदबाजी करते सुमित 1 विकेट, संजय साहू 1 विकेट, अतहर अली ने 1 विकेट लिया गया और राजनांदगांव पुलिस टीम चैम्पियनशिप प्रो सॉफ्ट बॉल प्रतियोगिता का चैम्पियन बनी। प्रथम पुरस्कार राजनांदगांव पुलिस टीम को 51000 रुपए एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार बीएसपी भिलाई टीम को 21000 रुपए एवं ट्राफी से पुरस्कृत किया गया।

### एसपी ने दी बधाई

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कप्तान मनोहर निषाद के नेतृत्व में 17 सदस्यीय क्रिकेट टीम बनाकर उक्त आयोजन में हिस्सा लिया गया था। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा चैम्पियन टीम के वापस मुख्यालय राजनांदगांव आने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में

## वसुधा फाउंडेशन ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में दिवंगत निर्दोष लोगों को शहर की प्रतिष्ठित संस्था वसुधा फाउंडेशन द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थता के लिए प्रार्थना की गई।

श्रद्धांजलि सभा में सदस्य वर्षा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, मधु खंडेलवाल, सुब्बी बग्गा, ऋचा अग्रवाल, ममता, अनिता व निशा ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी-अपनी बात रखी। उन्होंने आतंकवाद का सफाया करने और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। केंद्र और राज्य सरकार से पर्यटकों और नागरिकों की सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाने की अपील की।

## धरती के स्वर्ग से वापस लौटा परिवार पहलगाम पहुंचने में देरी से बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी की छुट्टियों में धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की यात्रा खूबसूरत वादियों के साथ सुखद अनुभूति कराती है, लेकिन शहर के एक शर्मा परिवार को कश्मीर की यह यात्रा सुखद नहीं, बल्कि दहशतगर्दो के नापाक मंसूबों की याद दिलाता रहेगा। जब भी कश्मीर का जिक्र होगा तो कश्मीर की खूबसूरत धरती के बीच छुपा आतंक का घिनौना चेहरा भी समाने आ जाएगा।

दरअसल शहर के ब्राह्मणपारा निवासी राजेश शर्मा, प्रकाश शर्मा और उनका परिवार कश्मीर में छुट्टियां मनाने गया हुआ था, तभी पहलगाम में हुए इस आतंकवादी हमले में वे बाल-बाल बचे। शर्मा परिवार गुलमर्ग से पहलगाम के लिए निकला ही था कि इतने में उन्हें जानकारी मिली कि जहां वे जा रहे हैं, वहां आतंकवादियों ने हमला कर दिया है। वहीं सुरक्षा बलों ने परिवार को रास्ते में रोका और वापस उन्हें अपने होटल जाने कहा। शर्मा परिवार श्रीनगर के होटल में वापस पहुंचा, लेकिन इस 2 दिन का समय उनके लिए काफी मुश्किलों भरा रहा।



### शासन-प्रशासन का मिला सहयोग

प्रकाश शर्मा, राजेश शर्मा और श्रीमती रेखा प्रवीण शर्मा ने बताया कि पहलगाम में आतंकवादी हमला होने की जानकारी मिलने पर वह काफी सदमे में आ गए। दो दिनों तक उन्हें वहां से निकलने भी नहीं मिला। इस बीच हालातों को देखते हुए दिल में घबराहट बनी रही। इस बीच पता चला कि श्रीनगर में फंसे लोगों को राहत देने और वहां से निकालने छत्तीसगढ़ सरकार पहल कर रही है। शर्मा परिवार ने भी सरकार व प्रशासन से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार और विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह के द्वारा कलेक्टर एसपी सहित श्रीनगर प्रशासन के माध्यम से वस्तुस्थिति की पल-पल की खबर ली जाती रही और हमें आश्वासन मिला कि हर संभव सहायता मिलेगी, जिससे हमें संबल मिला।

### मिली राहत की सांस

जम्मू कश्मीर से शर्मा परिवार के लगभग 16 सदस्य सकुशल घर लौट आए हैं। रेलवे स्टेशन पर उतरते ही उनके चेहरे पर वापस घर लौटने की राहत के साथ ही एक चिंता पहलगाम में हुए हमले को लेकर दिखाई दे रही थी। शर्मा परिवार के लोगों ने कहा कि उनकी ट्रेन जब छत्तीसगढ़ पहुंची, तब उन्हें सुरक्षा की अनुभूति हुई और राजनांदगांव पहुंचकर उन्होंने राहत की सांस ली है।

### लैंड स्लाइडिंग में फंसे

पहलगाम जाने से बचने के बाद 2 दिन कश्मीर के होटल में ही रहकर वहां से राजनांदगांव के लिए निकलने वाले थे, तभी लैंड स्लाइडिंग हो गई। जम्मू के मार्ग में लैंड स्लाइडिंग के चलते घंटों जाम लगा रहा। ऐसे में उन्हें भारतीय सेना ने सुबह 4 बजे की जगह 6 बजे निकलने कहा। उन्होंने बताया कि सेना के जवान रास्ता क्लियर करते चल रहे थे और हम आर्मी के वाहन के पीछे थे, तभी एक टनल के पास फिर से लैंड स्लाइडिंग हुई और घंटों जाम में फंसे रहे।

## निधन

### रूपा कोसरिया



**सड़क अतरिया।** पैलीमेटा संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला जंगलपुर घाट में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत रूपा कोसरिया का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया, जो वन विभाग से सेवानिवृत विष्णु प्रसाद कोसरिया की धर्मपत्नी थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उसकी अंतिम यात्रा चिखली निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। जिसमें परिवार, मित्र एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## योजनाओं के क्रियान्वयन से मजदूरों एवं जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ

- 27 को विस रमन सिंह द्वारा 9 हितग्राहियों को ई-रिक्शा वितरण किया जाएगा

**राजनांदगांव।** राज्य में विष्णुदेव साय सरकार के गठन के 16 माह बाद बोर्ड एवं मंडल के अध्यक्षों का गठन किया गया। जिसके बाद सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आना शुरू हो चुका है। जिससे जरूरतमंद एवं हितग्राहियों में लंबे समय के बाद राहत एवं सुकून की लहर है।

विदित हो कि लंबे समय से मजदूरों की कई जनकल्याणकारी योजनाएं बंद पड़ी थी। श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा व छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह के बनते ही उनके प्रयासों से योजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन अब शुरू हो चुका है।

इसी कड़ी में बता दें कि निर्माणी महिला श्रमिकों के स्वरोजगार एवं अपनी परिवार की आय को बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत निर्माणी महिला श्रमिक हेतु दीदी सहायता ई-रिक्शा कल्याण योजना द्वारा ठेकेदार के अधीन कार्य करने वाले श्रमिक महिला मजदूरों को स्वावलंबी बनाने हेतु ई-रिक्शा क्रय करने पर विष्णुदेव साय सरकार द्वारा 1 लाख रुपए की छूट मिला करती है। इसके पात्र हितग्राहियों ने 6 माह पूर्व आवेदन किया था। अब मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद ही इस योजना का क्रियान्वयन शुरू हो चुका है। इस योजना से लाभ लेकर हितग्राही अपने परिवार की आय में वृद्धि से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है एवं दीदी ई-रिक्शा से श्रमिक स्वरोजगार के सृजन से लोग अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं। राजनांदगांव एवं प्रदेश के सभी हितग्राहियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विभाग के अध्यक्ष रामप्रताप एवं योगेश दत्त मिश्रा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

## शराब उपलब्ध कराने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ के ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित फार्म हाऊस में बड़ी मात्रा में डम्प शराब पकडने के बाद इस मामले से जुड़े लोगों की पतासाजी कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। जिसके तहत मप्र से शराब उपलब्ध कराने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पूर्व में 20 आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

29 मार्च को थाना डोंगरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब 432 पेटी कीमती 27,32670 रुपए को एवं घटनास्थल से खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बण्डल एवं अन्य सामाग्री को जब्त करने में डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता मिली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के पता तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, जिस पर घटित विशेष टीम द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर कार्य करते हुए मामला में अब तक फार्म हाउस मालिक सहित कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है एवं लगातार प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों का पता तलाश कर गिरफ्तारी की जा रही है।

### नागपुर से पकड़ाया आरोपी

पुलिस के अनुसार मामला में पूर्व से गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को नागपुर निवासी संतोष देवदास मरकन्दे उर्फ संतोष करिया द्वारा इंदौर निवासी दशरथ मीणा के माध्यम से मध्यप्रदेश राज्य के शराब उपलब्ध कराता था। आरोपी दशरथ मीणा को 21 अप्रैल को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी संतोष देवदास मरकन्दे उर्फ संतोष करिया का लगातार पता तलाश की जा रही थी, जिसे नागपुर महाराष्ट्र से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। आरोपी संतोष देवदास मरकन्दे उर्फ संतोष करिया आरोपी दशरथ मीणा के माध्यम से ही मध्यप्रदेश राज्य का शराब आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू एवं नंदकिशोर वर्मा उर्फ नीतू वर्मा उर्फ छोटा कट्टी को उपलब्ध कराया था।

### ढक्कन सील बंद करने की मशीन दी थी

पुलिस के अनुसार आरोपी संतोष देवदास मरकन्दे उर्फ संतोष करिया द्वारा आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू को नगापुर से नोट गिनने का मशीन 10 हजार रुपए में एवं शराब के ढक्कन को सीलबंद करने वाला मशीन को 35000 रुपए में खरीदकर दिया था। आरोपी संतोष देवदास मरकन्दे उर्फ संतोष करिया को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।




## गंडई के लीमो में दो बाइकों की टक्कर, दो युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम लीमो में दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गई। जिससे दो बाइक चालकों को गंभीर चोटें आई और पीछे बैठी एक महिला भी घायल हो गई। यह दुर्घटना तब हुई, जब दोनों बाइक लीमो से गंडई की ओर एक ही दिशा में जा रही थी।

दुर्घटना के बाद तुरंत ही सभी घायलों को गंडई के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल बाइक चालकों को आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा जिले के ग्राम भगवताटोला निवासी फिरतुराम पटेल (70 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर गंडई जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम सिहोला निवासी रोशन साहू (25 वर्ष) किसी कार्यवश लीमो से दुर्ग की ओर जा रहे थे। अचानक दोनों वाहनों के आपस में टकरा जाने से यह हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पाटन के ग्राम सिहोला निवासी रोशन साहू के दाहिने पैर में गंभीर चोंट आई है। जबकि भगवताटोला के फिरतुराम पटेल के बाएं पैर में गहरी चोटें आई है। गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया है। घायल महिला का गंडई के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## तस्कर सक्रियः कविराज टोला क्षेत्र से रातभर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भीषण गर्मी के चलते नदियों का जल स्तर कम होते ही बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर चल रह है। जिलेभर में शिवनाथ नदी से ही लगभग 50 से अधिक जगहों पर रेत का अवैध उत्खनन कर तस्करी की जा रही है।

जिले के घोरदा के समीप कविराज टोला से बड़े पैमाने पर रात के वक्त नदी के बीच मशीनें लगाकर रेत निकाली जा रही है। कविराज टोला में रेत माफिया सक्रिय हैं और यहां रातभर रेत का अवैध उत्खनन कर रहे है। यहां जेसीबी वाहन से रेत खोदा जा रहा है। रेत तस्करों द्वारा कविराज टोला क्षेत्र से रेत निकालने के दौरान नदी का सीना छलनी किया जा रहा है। वहीं रेत निकासी की वजह से नदी में कटाव भी बन रहा है। यहां से लगातर रेत तस्करी होने से बारिश में बाढ़ की स्थिति बनने पर नदी की धार की दिशा बदल सकती है।

**सोमनी और डोंगरगांव क्षेत्र में उत्खनन :** शिवनाथ नदी में बड़े पैमाने पर सोमनी और डोंगरगांव क्षेत्र में रेत का अवैध खनन हो रहा है। यहां ईरा, खुटेरी, सांकरा, धीरी, रायतापाली, टोलागांव, घोरदा सहित आसपास के क्षेत्र से भी रेत माफिया रेत निकाल रहे हैं।

### विभागीय मिलीभगत के भी आरोप

शिवनाथ नदी पर लगातार हो रही अवैध रेत उत्खनन की शिकायत मिलने के बाद भी खनिज विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। लोगों की शिकायत के बाद भी खनिज विभाग को शिवनाथ नदी में रेत की तस्करी दिखाई नहीं दे रही है। हर बार की तरह विभाग द्वारा अवैध रेत खनन की जानकारी देने पर टीम भेजकर दिखाए जाने की बात कही जाती है, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही रेत तस्कर वहां से हट जाते हैं। ऐसे में विभागीय लोगों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है।






सौगात: विकास कार्यों व विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

# 64 लाख की लागत से 11 निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ में विकास की रफ्तार को नई उड़ान देते हुए कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में लगातार निर्माण कार्यों का सिलसिला तेज हो गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन व अनुशंसा पर क्षेत्र में विकास कार्यों की झड़ी लगी हुई है। इसी क्रम में शनिवार को कवर्धा विधानसभा अंतर्गत 64 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले 11 महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना कर सम्पन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ भूमिपूजन कर विकास कार्यों का श्रीगणेश किया।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को ग्राम पंचायत कांपा में 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम टेलीटोला में 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम भीमपुरी में 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम खडौदा 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम राम्हेपुर में 13 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम बबई में 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन के पास रंगमंच निर्माण, ग्राम भेदली में 6.50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य व 2 लाख रुपए की लागत से नाली एवं सीसी तथा 5 लाख रुपए की लागत से आहाता निर्माण कार्य और ग्राम लखनपुर में 5 लाख रुपए की लागत से बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम राजाढार में 2 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास को एक नई दिशा मिल रही है। सड़कों, सामुदायिक भवनों, पुल-पुलियों और अन्य आधारभूत सुविधाओं के निर्माण से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र एक आदर्श विकास मॉडल के रूप में उभर रहा है। बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति होगी और सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार मेरावी, श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, परेटन वर्मा, लालाराम साहू, अशोक पटेल, रूपेंद्र जायसवाल, हेमंत ठाकुर, नरेश साहू, रामजी वर्मा, श्रीमती बिमल बाई साहू, कपूरचंद, मीलूराम साहू, नरबाद साहू, जनुक राम साहू, संतोष साहू, चतुर सिंह धुर्वे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## क्षेत्रवासियो ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का जताया आभार



क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी भूमिपूजन कार्यक्रम में भारी उत्साह और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का अब स्थायी समाधान होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के निरंतर विकास कार्यों की अपेक्षा जताई।

## निरंतर विकास का प्रतीक बनता कवर्धा विधानसभा

गौरतलब है कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के अंतर्गत लगातार नए कार्य स्वीकृत हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में विकास की एक नई तस्वीर उभरती नजर आ रही है। आने वाले समय में इन कार्यों के पूर्ण होने के साथ ही क्षेत्र का सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य और अधिक सशक्त होगा।

# पोंड़ी के विद्यार्थियों ने खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण



- विद्यार्थियों ने संगीत-कला व चिकित्सा विज्ञान का किया प्रत्यक्ष अध्ययन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पोंड़ी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पोंड़ी के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के तहत खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय और राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज का अवलोकन किया। शैक्षणिक भ्रमण के पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू द्वारा शनिवार की सुबह हरि झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया गया। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के पुरातत्व विभाग, संगीत एवं नृत्य संकाय तथा ललित कला विभाग का अवलोकन करते हुए भारतीय कला-संस्कृति की जानकारी प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम, आईसीयू, ओपीडी सहित अन्य चिकित्सा विभागों का सघन निरीक्षण किया गया, जहां विद्यार्थियों को मेडिकल स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए गर्मी को देखते 150 विद्यार्थियों को एसी बस की सुविधा उपलब्ध कराया। शैक्षणिक भ्रमण का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य एनके चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में हुआ, वहीं शिक्षक गण रामफल चंद्रवंशी, भागीरथी, एलएन चंद्राकर, एल वर्मा, हुकमीचंद भास्कर, एसके वर्मा, सुरेश प्रजापति, राकेश साहू, राकेश शील, श्री कोठारी, टुमन कोसले, श्री हल्दकर, एसएन वर्मा, श्री शुक्ला, श्रीमती पाण्डेय, अभिलाषा ठाकुर, शिवानी साहू, सलूजा, देवमति साहू एवं विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया।

## 6 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन, मिली स्वीकृति



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में ग्रामीणों द्वारा सिंघनुपरी में सामुदायिक भवन की मांग की गई। जिस पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के अनुशंसा पर 6 लाख रूपए की लागत राशि से सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिलने के बाद विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, जिला पंचायत सदस्य द्वारा सामुदायिक भवन की भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चनाकर किया गया। जिसमें जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल द्वारा सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया, इस दौरान सरपंच श्रीमती मनकी मनोहर धुर्वे, नरेन्द्र मानिकपुरी, पंचराम कोसले, रामजी पटेल, नेतराम, कृष्णा यादव, शिलीप यादव, जानेराम, चैतलाल, अर्जुन यादव, रतनू यादव, पानीराम यादव, सुखराम यादव, जगेलाल पटेल, सियाराम पटेल, अश्वनी धुर्वे सहित सभी समाज के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित ग्रामीण

## पक्की नाली का अभाव, बीच गलियों में गंदा पानी बहने से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के ग्रामीण रहवासियों को बुनियादी सुविधाओं के लाभ से वंचित नजर आ रहें है। जिसकी शिकवा शिकायत ग्रामीण रहवासियों द्वारा कई बार क्षेत्र के उच्च अधिकारियों व जिम्मेदारों तथा जनप्रतिनिधियों को की गई लेकिन भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में पक्की नाली निर्माण के अभाव में घरों का गंदा पानी गली-मोहल्ले व चौक-चौराहे में 24 घंटे बहने से आवागमन बाधित तथा ग्रामीण फिसलकर गिरकर चोटिल हो रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा पक्की नाली निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को राहत व सुविधा मिल सकें।

### लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा गहरा प्रभाव

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पक्की नाली निर्माण के अभाव में गली-मोहल्ले व चौक चौराहे गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है वहीं कीड़े-मकोड़े, जहरीले जीव-जंतु तथा मच्छर पनपने से लोगों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिस पर रहवासियो ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाने व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए तथा पक्की नाली निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि गांव स्वच्छ व सुंदर ग्राम पंचायत बन सकें।

# पहलगाम के आतंकी हमले के शिकार लोगों को संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

- कैंडल मार्च, मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं घायलों के शीध्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घाटी में विगत 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की गोली मारकर हत्या की गई एवं अनेकों लोग घायल हुए। इस नरसंहार के बाद देशभर में आक्रोश फूट पड़ा है। जिस पर पंडरिया में शुक्रवार को नगर के गांधी चौक में संस्कृति महिला ग्रुप द्वारा हमले में मारे गए बेकसूर मृतात्माओं की आत्मा की शांति के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पहलगाम का खूबसूरत बैसरन घाटी मिनी स्वीटजरलैंड माना जाता है, जहां पूरे देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी छुट्टियां मनाने गए थे। जहां आतंकियों ने धर्म पूछ-पूछकर लोगों को मौत के घाट उतारा।

इस अमानवीय एवं कायरतापूर्ण कृत्य की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए संस्कृति महिला ग्रुप के साथ साथ बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य जनों ने कैंडल जलाकर शहीदों को नमन करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी एवं ईश्वर से पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। पहलगांव में हुआ आतंकी हमला केवल कायरता की पराकाष्ठा ही नहीं बल्कि मानवता के विरुद्ध अत्यंत ही निंदनीय हमला है। इस हृदय विदारक घटना में किसी ने अपना बेटा, किसी ने भाई, किसी ने पिता और किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। इस श्रद्धांजलि सभा में सभी नागरिकों ने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए भारत माता की जयघोष लगाई। वहीं श्रद्धांजलि अर्पित करने संस्कृति महिला ग्रुप की महिलाओं के साथ नगर के गणमान्य जन, जनप्रतिनिधि, शिक्षक देशभक्त नागरिकों सहित भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर एकता, शांति व मानवता का संदेश दिया।

## कुण्डा में कक्षा 9वी व 11 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभमि कुण्डा।** शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में कक्षा 9वी व 11वीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने कक्षा 9वी एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई वहीं असफल छात्र-छात्राओं को उन्हें और अधिक परिश्रम करने की सलाह दी गई। उन्होने कहा कि अपने आपको निराश एवं डर भय से दूर रहकर तैयारी करने कहा व असफलता ही सफलता की प्रथम सीढ़ी है, वहीं पूरक छात्राओं को अपनी त्रुटियों को स्वीकार करते हुए उसकी पुनरावृत्ति ना हो ऐसा सजग रहे, गर्मियों की छुट्टियों में इन कमियों को दूर करने की सलाह दी। शाला विकास समिति अध्यक्ष श्री मिश्रा ने विशेष अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को प्रतीक चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया, इस दौरान सभी कक्षा शिक्षक शिक्षिकाओं के संबोधन के पश्चात प्राचार्य जीएस मक्कड़ ने उपस्थित सभी पदाधिकारी व गणमान्य नागरिको का आभार प्रकट किया।

## अक्ती पर्व की तैयारी जोरों पर...



**हरिभूमि कोलेगांव।** अक्षय तृतीया के लिए गुड्डे-गुड़ियों का बाजार सजने लगा है। हर साल की तरह इस साल भी गांव से कुम्भकार गुड्डे-गुड़ियां व देशी फ्रिज कहे जाने वाली मटकी बेचने गांव गांव पहुंच रहे हैं।

## नपं बोड़ला में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**हरिभूमि बोड़ला।** नगर पंचायत बोड़ला में अध्यक्ष विजय पाटिल के नेतृत्व में सभी 15 वार्डो में पार्षदों व नगर के स्वच्छता दीदीयों व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए साफ सफाई अभियान में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। जिसमें नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों की टीम तालाबों के संरक्षण व संवर्धन करने की सोच को लकर बोड़ला नगर महराज बंध तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें नपं बोड़ला के गणमान्य नागरिकों ने विशेष भूमिका निभाई।

उपयोगी शिक्षण सामाग्री स्कूल से लेकर सीखने-सिखाने का कार्य जारी

# मक्के स्कूल में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ने को एक नियमित प्रक्रिया के रूप में लाने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को अंगना म शिक्षा के अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन किया जाता है। विगत 4 वर्षो से इसी तिथि में यह त्यौहार आयोजित कर स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले माताएं एवं बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में सीखना-सिखाना जारी रख सकें, इसके लिए इस तिथि का चयन किया गया है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के एक सप्ताह पहले से ही स्कूल में शिक्षकों से बच्चों को कैसे और क्या-क्या सिखाना है आदि तय कर, पढ़ाने का तरीका समझकर, स्कूल के माध्यम से आवश्यक पठन सामाग्री, पुस्तकालय से पुस्तकों की व्यवस्था से लेकर अन्य उपयोगी शिक्षण सामाग्री स्कूल से लेकर सीखने-सिखाने का कार्य जारी रखा जाएगा। इस मेले में शामिल होने वाले लक्ष्य समूह आंगनबाड़ी, बालवाड़ी से लेकर कक्षा पहली में प्रवेश लेने वाले 5 से 7 वर्ष के बच्चे हैं। इन बच्चों के नाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों से प्राप्त कर उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति उनके माताओं के साथ तय की गई। माताओं को स्कूल बंद होने से पहले स्कूल में सीखने के लिए उपलब्ध विभिन्न संसाधन, मुस्कान पुस्तकालय की पुस्तकें, अंगना म शिक्षा से संबधित मुद्रित सामग्री, स्लेट पेंसिल, सर्पोट कार्ड जिसमें बच्चों की प्रगति की प्रविष्टि करते हुए माताएं अपने हस्ताक्षर से बच्चों की रिपोर्ट स्कूल के प्रधानाध्यापक को स्कूल खुलने पर सुपुर्द करेंगे। इसे स्मार्ट माताओं के माध्यम से वितरित किया जाएगा। माताएं आपस में मिलकर समुदाय से भी उपयुक्त योग्य व्यक्ति का चयन कर उन्हें मौसम को ध्यान में रखकर उचित समय एवं सुरक्षित स्थान में सीखने की आवश्यक व्यवस्था करेगी। शिक्षकों और माताओ का यह जो उत्साह है पढ़ई तिहार के लिए यह काबिले तारीफ है। आज हमारा राज्य इस कार्यक्रम के आधार पर कई अन्य राज्यों से छोटे बच्चों के सीखने के स्तर पर आगे चल रहा है। छत्तीसगढ़ में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर पढ़ाई सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को काफी अच्छी सफलता मिली है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड से भी नवाजा गया है। राज्य में अभी तक पिछले 4 वर्षों में इस कार्यक्रम से तीन लाख से अधिक माताएं सक्रिय रूप से जुड़ चुकी हैं और बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खुलासा:** हत्या के मामले में दो महिला सहित एक पुरुष गिरफ्तार

# पैसों के लिए बहु ने भैया-भाभी के साथ मिलकर कर दी ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कौवानार में गत 19 अप्रैल को हुई एक बुजुर्ग की निर्मम हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं सहित एक पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इस हत्या को मृतक की बहु ने अपने भाई और भाभी के साथ मिल कर अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस ने तीनो आरोपियों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 19 अप्रैल को थाना कुकदुर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कौवानार बदना निवासी करीया मरकाम पिता मानसिंह मरकाम आयु 62 वर्ष का शव उनके घर से लगे खेत के कोठार में खटिया पर पड़ा है। मृतक के सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई गई। सूचना पर थाना प्रभारी कुकदुर तत्काल पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया तथा सीन ऑफ क्राइम यूनिट एवं साइबर सेल कबीरधाम की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। वैज्ञानिक ढंग से साक्ष्य संकलित कर रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल डंप डेटा, कॉल डिटेल्स एवं घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। साथ ही मृतक के परिजनों, ग्रामवासियों एवं गवाहों से वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से संदिग्धों से सघन पूछताछ की गई। कड़ी पूछताछ के दौरान मृतक की बहू द्वारा शुरू में गुमराह करने का प्रयास किया गया, किंतु पुलिस की सतत मेहनत, सूझबूझ एवं रणनीतिक पूछताछ के चलते बहू ने सच्चाई स्वीकार कर ली। आगे की पूछताछ में बहू के भाई पवन मरावी एवं उसकी पत्नी जैनवती मरावी ने भी हत्या में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल आरोपी पवन मरावी पिता सुन्बु मरावी उम्र 35 वर्ष निवासी नवापारा सिंघारी, सेमरसांटा, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम, जैनवती मरावी पत्नी पवन मरावी उम्र 30 वर्ष निवासी नवापारा सिंघारी, सेमरसांटा, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम तथा सुकरतीन बाई पत्नी बजरू बैगा उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम कौवानार बदना, थाना कुकदुर, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपियों ने पहले गला दबाया फिर फरसा मार कर कर दी हत्या



आरोपियों ने पूछताछ के दौरान जानकारी दी कि मृतक के पास पर्याप्त धनराशि थी। बहू के भाई को अपनी बहन की शादी के लिए पैसों की आवश्यकता थी। मृतक से पैसा मांगने पर जब उसने मना कर दिया, तो बहू, उसके भाई पवन और भाभी जैनवती ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची। रात में पहले मृतक का गला दबाकर हत्या की गई, फिर कोठार में ले जाकर फरसा नुमा हथियार से सिर और चेहरे पर वार कर उसकी हत्या सुनिश्चित की गई। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद कर लिया गया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य एकत्र कर विधिवत रिमांड तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# पुलिस प्रकरण रफा-दफा कराने के नाम पर ठगी आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



- शिकायत के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने की दलाल के विरुद्ध कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर पुलिस के नाम पर प्रकरण रफा-दफा कराने और जेल भेजने का भय दिखाकर रुपए वसूली करने वाले एक दलाल के विरुद्ध कार्यवाही कर उसे गिरफ्तार किया है।

आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 167/2025 धारा 308(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे मामले में शीघ्र कार्यवाही की है, जिसमें एक फर्जी दलाल द्वारा नागरिक को भ्रमित कर पैसे ऐंठने की शिकायत सामने आई थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बितली निवासी मोतीराम साहू, पिता जीवनलाल साहू, उम्र 48 वर्ष द्वारा थाना कवर्धा में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ग्राम भागूटोला निवासी कुंजराम साहू ने उनके खिलाफ दर्ज एक पुराने प्रकरण को थाना स्तर से समाप्त मतलब रफा-दफा कराने और जेल भेजने की धमकी देकर फरवरी 2025 में 12,000 रूपए नगद वसूले हैं, और अब 3,000 रूपए की और मांग कर रहा है।

शिकायतकर्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित प्रकरण में पुलिस द्वारा विधिसम्मत चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है, अतः उसे रफा-दफा कराना किसी के वश में नहीं था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा त्वरित जांच कर आवश्यक धाराओं के तहत थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 167/2025 धारा 308(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी कुंजराम साहू को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक तालाब स्वच्छता अभियान आज

**कवर्धा।** कवर्धा शहर को स्वच्छ सुंदर और विकसित शहर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका कवर्धा साप्ताहिक तालाब स्वच्छता अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत 27 अप्रैल को राधाकृष्ण मंदिर बड़े तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने बताया कि साप्ताहिक तालाब स्वच्छता अभियान के तहत 27 अप्रैल को प्रातः 6.00 से 08 बजे तक कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के राधाकृष्ण मंदिर बड़े तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में नपा प्रशासन, पार्षद, स्वयंसेवी संस्था तथा शहरवासियों उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### पंचायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

**मोहला।** विकासखंड मोहला के जनपद कार्यालय में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भारती चंद्राकर ने की। बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों और सरपंचों की उपस्थिति में विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से निर्माण कार्यों की समीक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की मांग, राशन कार्ड बनाने, मनरेगा जॉब कार्ड निर्माण, मजदूरी भुगतान, व्यक्तिगत शौचालय की मांग, पेंशन तथा अन्य व्यक्तिगत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज उतरा सड़क पर

## की घटना की निंदा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन






हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में जहां देशभर में आक्रोश देखा जा रहा है वहीं कबीरधाम जिले में भी इस आतंकी हमले के विरोध में लगातार आवाज उठ रही है।

इसी कड़ी में बीते शुक्रवार को कवर्धा के मुस्लिम समाज ने नगर के सिग्नल चौक में इस आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका और अपनी मांग से संबंधित एक ज्ञापन मुस्लिम ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर समाज के मुतवाली हनीफ अंजुम खान ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों की निर्मम हत्या की है।

इस घटना से कवर्धा मुस्लिम समाज बेहद आहत है और जिस कायरता से बेकसूर पर्यटकों को निशाना बनाया गया है कवर्धा मुस्लिम समाज उसकी कड़े शब्दों में निंदा करता है एवं घोर विरोध व्यक्त करता है। उन्होने कहा कि आतंकवादियों का उद्देश्य शायद भारत के सामाजिक समरता को नुकसान पहुंचाने का था, लेकिन उनके इन नापाक इरादों को भारतीय जनमानस कभी पूरा नहीं होने देगा, इसी विश्वास के साथ मुस्लिम समाज शासन से अपेक्षा करता है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को कठोर सजा दिलाई जाए, साथ ही भविष्य में दोबारा ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं तथा आतंकवाद के जड़ से खात्मे के लिए केन्द्र सरकार ठोस कार्यवाही को अंजाम दे।

वहीं तौसीफ खान खजांची ने कहा कि पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की बर्बरता पूर्वक हत्या घोर निंदनीय है। यह आतंकी संगठनों की कायराना एवं आमानवीय हरक़त है। उन्होने कहा कि कवर्धा का मुस्लिम समाज इस तरह की घंटना का पुरजोर विरोध और निंदा करता है। उन्होने कहा कि समाज इस तरह की आतंकी वारदात को अंजाम देने वालों को फांसी की सजा देने की मांग करता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अफजल खान नायब मुतवल्ली, मो. जुनैद हिंगोरा सेक्रेटरी, राजिक खान सह सचिव, अफरोज खान सह खजांची, शेख आसीफ, मो. सोहराब, हमीद खान, इकराम खान, फिरदौस खान, हनीफ खान, मोहम्मद जुनेद हिंगोरा सचिव सहित बड़ी संख्या में कवर्धा मुस्लिम समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष पटेल ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने बीते शुक्रवार को वनवासी अंचल स्थित समीपस्थ ग्राम मलकछरी में गौशाला का निरीक्षण कर गौपालन एवं संवर्धन को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की और गौवंश के महत्व पर विस्तार से बताया। श्री पटेल ने ग्राम मलकछरी स्थित राम तुलसी राधे गौशाला पंहुचकर पूरे परिसर और वहां की व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा गौशाला समिति के पदाधिकारियों से गौ ग्राम जन जागरण यात्रा के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर गौशाला के संरक्षक सुदेश वैष्णव, सचिव भूपेन्द्र वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता रविनंदन पांडेय, शत्रुहन साहू, लोरमी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, प्राचार्य वेदराम साहू, रघुवीर साहू, मोहन पटेल, शत्रुहन पटेल, माहे प्रधान, दुर्गेश पोर्ते, भगत पटेल, पन्नालाल, बिहारी, अशोक प्रधान के अलावा नरेश चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन तथा पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। श्री पटेल ने अपने दौरा कार्यक्रम के ग्राम झिंगराडोंगरी में राजेंद्र साहू के घर आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ग्राम दलपुरवा एवं कुम्ही में आयोजित कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दी और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना।

## नवजात शिशु के लिए चिरायु बना वरदान, 17 दिन के शिशु का निःशुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला स्वास्थ्य विभाग की चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत स्वस्थ बचपन, सुरक्षित भविष्य के उद्देश्य से कार्य कर रहे चिरायु दल द्वारा जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है।

जिला कबीरधाम अंतर्गत ग्राम कृतबांधा की निवासी सुनीता चंद्राकर के 17 दिन का नवजात शिशु जो की प्रीमेच्योरिटी ऑफ रेटिनोपैथी नामक बीमारी से जूझ रही थी इलाज में आने वाले बड़े खर्च को देखते हुए उसका इलाज चिरायु दल द्वारा एम्स रायपुर में निःशुल्क एवं सफलतापूर्वक कराया गया। चिरायु दल की डॉक्टर त्रिवेणी पटेल और उनकी पूरी टीम तथा डॉ. विनोद चंद्रवंशी बीएमओ, डॉ. बीएल राज सीएमएचओ, अनुपमा तिवारी डीपीएम, डॉ. मुकुंदराव जिला चिरायु सलाहकार एवं असलम अली जिला आयुष्मान सलाहकार के विशेष योगदान के लिए बच्चों के परिजनों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि चिरायु टीम द्वारा स्कूल एवं आंगनबाड़ी में अध्यनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं परीक्षण के दौरान जन्मजात बीमारी जैसे मोतियाबिंद, दिल में छेद, कटे होट एवं तालु और अन्य 43 प्रकार की बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान कर निःशुल्क इलाज कराया जाता है

## सहसपुर लोहारा में मनाई गई संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती



**स लोहारा।** सहसपुर लोहारा स्थित बाजार चौक, वार्ड नंबर 11 के सर्व सेन नाई समाज भवन में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 725 वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण व पूजा-अर्चना के साथ की गई। तत्पश्चात संत शिरोमणि की शोभायात्रा समाज के लोगों द्वारा निकाली गई तथा नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सर्व सेन नाई समाज द्वारा हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 26 हिंदू नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में सभी उपस्थित सदस्यों ने मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास ने अपने उद्बोधन में संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए समाज को एकजुट रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने समाज के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया।

**इस बार 30 अप्रैल को मनाया जाएगा अक्ति का त्यौहार**

# अक्ति को लेकर सजने लगा नगर में बाजार, बच्चों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में शामिल विभिन्न पर्वो में से एक अक्षय तृतीया को लेकर इस बार भी लोगों में खासा उत्चाह देखा जा रहा है। आगामी 30 अप्रैल को बडऩे वाले इस पर्व की तैयारियां जहां लोगों ने शुरू कर दी है वहीं नगर में भी अक्षय तृतिया का बाजार सजने लगा है। गौरतलब है कि गर्मी की छुट्टी होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे-गुडियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। यहां बताना लाजमी होगा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में हर त्यौहार विशेष महत्व रखता है। इनके पीछे जहां एक ओर कुछ धार्मिक और लोक मान्यताएं होती हैं वहीं दूसरी ओर कुछ पर्व मनोरंजक भी है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा-गुडियों की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। बैसाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्ती के मौके पर गुड्डे-गुडिय़ो का यह खेल किसी भी पर्व से



संबंधित एकमात्र ऐसा लोक खेल है, जिसमें केवल बच्चे सम्मिलित होते हैं। जिसमें लड़कियां रस्म निभाती है और लड़के बाजा बजाते हैं। इस खेल में पुतरा-पुतरी, वर-वधु के प्रतीक होते हैं और ये दोनों ही मिट्टी की बनी होती है। अक्षय तृतीय के पहले से ही कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तनों के साथ ही मिट्टी के गुड्डे-गुडिय़ा भी बनाए जाते हैं। मिट्टी से बने इन खिलौनों को रंग-रोगन कर बाजार में बेचा जाता है। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हों तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मड़वा तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए-पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो, उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। कुछ इसी अंदाज में अपने गुड्डा गुडिया का विवाह रचाने उत्साही बच्चों ने अपनी तैयारियां इस बार भी शुरू कर दी है। वहीं नगर में भी अक्ति का बाजार सजने लगा है। जहां पर्व उपयोगी मिट्टी के गुड्डा गुडिय़ा के अलावा अन्य उपयोगी दुकानदारों द्वारा पसरा लगाकर बेंचा जा रहा है।

# झलमला में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

विकासखण्ड बोड़ला के दूरस्थ वनांचल ग्राम झलमला में विश्व मलेरिया दिवस पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरूषोत्तम सिंह राजपूत व विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रूपेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। यह आयोजन मलेरिया उन्मूलन 2027 में तेजी लाने हेतु किया गया। वहीं 25 अप्रैल विश्व मलेरिया दिवस पर मितानिनों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें मितानिनों को नियमित गृह भेट कर बुखार संभावित मरीजों की मलेरिया जांच करने व पूर्ण उपचार, फालोअप करने के लिए जिम्मेदारी दी गई। मितानिनों को नियमित मच्छरदानी लगाकर सोने के लिए प्रेरित करने कहा गया। घर के




आस-पास साफ सफाई रखने, सप्ताह में कूलर का पानी, गमला का पानी बदलने, बड़े जल भराव वाले क्षेत्र में गम्बुजिया मछली छोड़ने, पूरे शरीर को ढकने वाले कपडें पहनने, मच्छर रोधी छिड़काव मॉनिटरिंग, मच्छर भगाने वाले साधनों का उपयोग आदि के बारे में बताया गया। मलेरिया का पूर्ण उपचार के बाद दवाई की खाली रेपर मितानिन प्रषिक्षक के पास जमा करने के लिए कहा गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया में कमी के लिए त्वरित जॉच, पूर्ण उपचार करने की जानकारी दी गई। मितानिनों को ग्रामीणों के सहयोग से मलेरिया खत्म करने आपील की गई। मितानिनों की गुणवत्ता के लिए स्लाइड जॉच के बारे में बताया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पुरूषोत्तम सिह राजपूत ने कहा कि-ठण्ड के साथ बुखार, सिर दर्द, उल्टि, बुखार में उतार चढ़ाव, एक दिन दो दिन के अंतराल में बुखार आना आादि लक्षण पाए जाने पर मितानिनों को मलेरिया जॉच करने व पूर्ण उपचार करने हेतु कहा गया।